**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित डॉ मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-26 का उत्तर**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 26(क) | क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जिला- मिर्जापुर के ग्राम-करसड़ा (सगरा), पोस्ट-कछवॉं मे मॉं शीतला माता मन्दिर के पास की पुलिया से लेकर राहुल कुमार S/O स्व-राजेश कुमार (ट्यूबवेल ऑपरेटर) के घर के पास तक पुलिया नाला स्थित था, जो वर्तमान में चोक/पट जाने के कारण मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? | जी हाँ ।<br>जनपद मीरजापुर के ग्राम-करसडा(सगरा), पोस्ट-कछवॉं में मॉं शीतला माता मन्दिर के पास स्थित पुलिया से लेकर राहुल कुमार पुत्र स्व0 राजेश कुमार (ट्यूबवेल ऑपरेटर) के घर के पास स्थित पुलिया तक नाला, राज्य मार्ग-74 (स्टेट हाइवे-वाराणसी से सीखड होते हुए ग्राम भैसा तक) के निर्माण के समय मार्ग के बगल से निकाली गयी मिट्टी के कारण लगभग लम्बाई 650 मी0 नाला के आकार की खाई बन गयी थी, जिससे वर्षा जल की निकासी होती रही है। ग्रामवासियों द्वारा उक्त राज्य मार्ग-74 के निर्माण हो जाने के फलस्वरूप मार्ग के किनारे भवन निर्माण कराते समय उक्त नाले के आकार की खाई को अतिक्रमण कर पाट दिया गया है, जिसके कारण जल निकासी बाधित हो गयी है। |
| (ख) | यदि हॉं, तो उक्त नाले की कब तक सफाई कराकर चालु करायेंगे ? | जिला पंचायत मीरजापुर द्वारा प्रश्नगत नाले के स्थलीय सत्यापनोपरांत अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना जिला पंचायत बोर्ड की बैठक से पारित होकर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करायी जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुपूरक कार्य योजना लगभग लम्बाई 650 मी0 हेतु प्रश्नगत नाला निर्माण कार्य का प्रस्ताव आगामी जिला पंचायत की बैठक में रखा जायेगा। तत्पश्चात् बोर्ड की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार अनुपूरक कार्य योजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कराते हुए नियमानुसार अग्रेत्तर ई-निविदा पश्चात् नाली निर्माण कार्य यथाशीघ्र कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों है ? | उपरोक्तानुसार। |

**ओम प्रकाश राजभर**

**मंत्री ।**